तेजयुग न्यूज हरियाणा
www.tejyug.com
epaper.tejyug.com

## संक्षिप्त समाचार

### बालिकाओं का उज्जवल भविष्य बनाती है सुकन्या समृद्धि योजना : डीसी कै. मनोज

*योजना के तहत किसी भी डाकघर में खुलवाया जा सकता है खाता*



**यमुनानगर, मनीषा चौधरी :** बालिकाओं के उज्जवल भविष्य के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। इनमें सुकन्या समृद्धि योजना बड़ी ही महत्वाकांक्षी योजना है जो एक तरह से लड़कियों का भविष्य उज्जवल बनाने का काम करती है। यह योजना डाकघरों से जुड़ी हुई है। यह योजना लड़की की पढ़ाई से लेकर विवाह तक सहायक बनती है। माता-पिता को अपने बेटी के सुरक्षित भविष्य के लिए इस योजना को जरूर अपनाना चाहिए। डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को गति देने के लिए सरकार द्वारा सुकन्या समृद्धि योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत मात्र 250 रुपए में खाता खोला जाता है। खाता बेटी के जन्म से 10 साल की उम्र तक खुलवाया जा सकता है। एक वर्ष में कम से कम एक हजार रुपए और अधिक से अधिक एक लाख 50 हजार रुपए खाते में जमा करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह योजना लड़कियों की पढ़ाई से लेकर विवाह तक बहुत ही सहायक साबित होती है। उच्च शिक्षा के लिए लडक़ी की आयु 18 वर्ष पूरी होने पर जमा राशि में से 50 प्रतिशत तक राशि निकलवाई जा सकती है। शादी के समय या 21 वर्ष के पश्चात चक्रवृद्धि ब्याज सहित पूरी राशि मिलती है। इस योजना के तहत खाता खुलवाने के लिए आवेदन पत्र के साथ बेटी का जन्म प्रमाण पत्र, माता या पिता का फोटो, आईडी तथा रिहायशी प्रमाण पत्र संलग्न करना जरूरी है। डाकघरों में बचत खातों के माध्यम से जुड़े लोगों को सुकन्या समृद्धि योजना के बारे में जागरूक भी किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत खाता खुलवाने वालों को आयकर में भी छूट मिलती है। बेटी के अभिभावकों को इस योजना से जरूर जुड़ना चाहिए।

### यूआईडीएआई ने 14 मार्च तक बढ़ाई फ्री आधार कार्ड अपडेशन की तारीख : डीसी

*नागरिकों को आठ से दस साल पहले बने आधार कार्ड अपडेट कराना जरूरी*

**यमुनानगर :** डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने जनहित में निःशुल्क आधार कार्ड अपडेशन करने की तिथि बढ़ाकर 14 मार्च 2024 कर दी है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया है कि वे अपने आठ से दस साल पहले बने आधार कार्ड को 14 मार्च 2024 तक यूआईडीएआई के पोर्टल पर निःशुल्क अपडेट करवा सकते हैं। आधार कार्ड को ऑनलाइन अपडेट कराने के लिए आधार कार्ड धारक को किसी प्रकार के शुल्क की अदायगी नहीं करनी होगी। डीसी ने बताया कि जिला में जिन व्यक्तियों ने पिछले आठ या दस सालों में आधार कार्ड को अपडेट नहीं कराया है, ऐसे व्यक्ति को अपना आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए रिहायशी प्रमाण पत्र और स्वयं का पहचान पत्र ऑनलाइन अपलोड करना होगा। आधार कार्ड धारक माई आधार पोर्टल से आधार ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं, वहीं माई आधार ऐप में जहां पहचान पत्र के प्रमाण के रूप में स्वीकार्य दस्तावेजों की सूची भी है और पते का प्रमाण भी उपलब्ध है। उन्होंने जिला वासियों से इस निःशुल्क सेवा का लाभ उठाते हुए आधार कार्ड अपडेट कराने का आह्वान किया है, साथ ही ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए अपने मोबाइल नंबर को आधार में अपडेट रखने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को आठ से दस साल पहले बने आधार अपडेट कराना जरूरी है।

### पांजुपुर गांव में स्वास्थ्य जांच कैंप 6 मार्च को : डॉ. दिव्या मंगला



**यमुनानगर :** हरियाणा सरकार द्वारा जिला यमुनानगर में चिकित्सा महाविद्यालय बनाने की परियोजना बनाई गई थी, जिसके चलते गांव पांजुपुर जिला यमुनानगर में चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण का कार्य आरम्भ हो चुका है। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग यमुनानगर द्वारा चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण में कार्यरत मजदूरों के स्वास्थ्य जांच के लिये 6 मार्च दिन बुधवार को स्वास्थ्य जाँच कैम्प का आयोजन किया जायेगा। मुकन्द लाल जिला नागरिक अस्पताल यमुनानगर की प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिव्या मंगला ने बताया कि परियोजना प्रबंधक द्वारा मजदूरों के स्वास्थ्य जांच के लिये आवेदन प्राप्त हुआ था। मुकन्द लाल जिला नागरिक अस्पताल यमुनानगर से चिकित्सकों व अन्य अधिकारी-कर्मचारियों की टीम बना कर 6 मार्च को गांव पांजुपुर में स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया जाएगा। डॉ. दिव्या मंगला ने बताया कि कैम्प में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुराग, कान-नाक-गला विशेषज्ञ डॉ. शशी के साथ-साथ आर.बी.एस.के. टीम व परामर्शदाता लुभांशी व सज्जन कुमार की ड्यूटी लगाई गई है। जिसके तहत उपस्थित जन के खून व शुगर की जांच की जाएगी तथा परामर्शदाताओं द्वारा काउंसलिंग भी की जायेगी। डॉ. दिव्या मंगला ने कहा कि इस स्वास्थ्य कैम्प में मजदूरों के साथ-साथ गाँव के निवासी भी अपने स्वास्थ्य की जांच करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि गांव वासियों को स्वास्थ्य जांच कराने के लिये अपने साथ परिवार पहचान पत्र की प्रति साथ लाना अनिवार्य है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि कैम्प में आरम्भिक जांच व उपचार किया जायेगा, यदि किसी मजदूर एवं ग्रामवासी को अधिक उपचार की आवश्यकता होगी तो उन्हें सिविल अस्पताल यमुनानगर भेजा जायेगा ताकि मरीज की पूर्ण जांच व उचित उपचार विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कराया जा सके।

### नॉन डोमेस्टिक कनेक्शन इंस्टाल करने के बदले में रिश्वत की मांग, ओरापी काबू

**चंडीगढ़ :** हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने देर सांय जिला जींद के उचाना में कार्यरत बिजली विभाग के जेई सुरेश चंद्र तथा एक अन्य निजी व्यक्ति जय भगवान उर्फ नन्हा को 20 हज़ार रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपियों द्वारा शिकायतकर्ता से नॉन डोमेस्टिक कनेक्शन लगाने के बदले में रिश्वत की मांग की जा रही थी। इस बारे में जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि एसीबी की टीम को शिकायत प्राप्त हुई कि जेई सुरेश चंद्र बिजली निगम में जिला जींद के उचाना में कार्यरत है और वह गांव छतर उचाना के निजी व्यक्ति जय भगवान के माध्यम से रिश्वत की मांग कर रहा है। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने मामले की जांच पड़ताल करने उपरांत दोनों आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ने के लिए योजना बनाई। आरोपी जेई सुरेश चंद्र ने शिकायतकर्ता से गांव छतर में निर्माणाधीन ढाबे में बिजली के नॉन डोमेस्टिक कनेक्शन लगाने के लिए 20 हज़ार रूपये की रिश्वत की मांग की। आरोपी सुरेश चंद्र द्वारा जय भगवान उर्फ नन्हा के माध्यम से रिश्वत की मांग की जा रही थी जिसे लेते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपियों के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो करनाल के पुलिस थाने में मामला दर्ज करते हुए उनकी गिरफ्तारी की गई है। यह पूरी कार्रवाई गवाहों के समक्ष पूरी पारदर्शिता के साथ की गई। इस मामले में सभी आवश्यक सबूत जुटाते हुए इसकी जांच की जा रही है।

### बरसात-ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों के नुकसान की भरपाई करें सरकार : अजय

**आमजन के बीच जाकर उनकी समस्याओं का समाधान करवा रही जेजेपी : डॉ. अजय सिंह चौटाला**



**चंडीगढ़ :** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने कहा है कि हाल ही में हुई बरसात और ओलावृष्टि से हुए नुकसान से किसी भी किसान को चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रभावित किसान के नुकसान की गठबंधन सरकार भरपाई करेगी, इसके लिए सरकार ने स्पेशल गिरदावरी का काम 15 मार्च तक बढ़ा दिया है। वे मंगलवार को भिवानी जिले के लोहारू हलके में दौरे के दौरान ग्रामीणों को संबोधित को संबोधित कर रहे थे। पत्रकारों के सवालों के जवाब में अजय चौटाला ने कहा कि जेजेपी ने लोकसभा चुनाव तैयारियों को तेज करते हुए पांच समितियों का गठन कर दिया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी-जेजेपी के गठबंधन के विषय पर जेजेपी की एक समिति भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से चर्चा कर फैसला लेगी। अजय चौटाला ने यह भी कहा कि हर पार्टी के अलग-अलग मुद्दे होते है और जेजेपी अपने घोषणा के तहत जनहित में काम कर रही है। लोहारू के गांव ढाणी शिलावाली, बुढ्ढशैली, घंघाला, विधवान, मंढ़ोली खुर्द में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा फूल-मालाओं के साथ डॉ अजय सिंह चौटाला का जोरदार स्वागत किया गया। अजय चौटाला ने कह कि पिछले छह माह से जेजेपी चुनाव की तैयारियों में जुटी हुई है और जेजेपी का जनसंपर्क अभियान निरंतर जारी है। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान के लिए आमजन के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुना जा रहा है और गठबंधन सरकार के माध्यम से उनका हल करवाया जा रहा है।

# अपने लक्ष्य के प्रति संकल्पबद्ध रहें युवा : राज्यपाल बंडारू दात्रेय

## युवाओं से देश को विकसित राष्ट्र बनाने का आह्वान किया राज्यपाल ने

तेजयुग न्यूज



**चंडीगढ़ :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई शिक्षा नीति को लागू कर देश के युवाओं को रोजगारपरक एवं गुणवत्तापरक शिक्षा हासिल करने की नई राह दिखाई है। वर्ष 2025 तक हरियाणा के सभी विश्वविद्यालयों में इस शिक्षा नीति को पूर्णतया लागू कर दिया जाएगा। गुरुग्राम की नॉर्थ कैप यूनिवर्सिटी के 13 वें छात्रवृत्ति वितरण समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए राज्यपाल ने आज यह बात कही।

उन्होंने कहा कि वर्तमान युवा पीढ़ी ही देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगी। इसके लिए युवाओं का कौशल विकास होना बहुत जरूरी है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इसीलिए नई शिक्षा नीति-2020 का प्रतिपादन किया है। धीरे-धीरे विश्वविद्यालयों में क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि वर्ष 2025 तक यह नीति हरियाणा प्रदेश में पूरी तरह से लागू हो जाएगी। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि नवाचार व अनुसंधान की दिशा में विद्यार्थियों को अधिक से अधिक काम करना चाहिए। जीवन में कोई भी श्रेष्ठ संकल्प धारण कर युवाओं को उसके लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिए। हम संकल्प से ही सिद्धि की ओर आगे बढ़ सकते हैं।

बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का उदाहरण देते हुए राज्यपाल ने कहा कि पर्याप्त संसाधन ना होते हुए भी डा. भीमराव ने सर्वोच्च शिक्षा प्राप्त की। वे पहले ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, जर्मनी व कैलिफोर्निया की यूनिवर्सिटी से डॉक्टरेट की उपाधि हासिल की। इसलिए विद्यार्थी अपनी परिस्थितियों से हार नहीं माने और उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रयत्नशील रहें। उन्हें तकनीकी दक्षता प्राप्त करनी चाहिए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नुपुर प्रकाश ने नॉर्थ कैप यूनिवर्सिटी की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं ने विश्वविद्यालय को प्लेटिनम, डायमंड व गोल्ड बैज से सम्मानित किया है। समारोह में 350 से अधिक छात्र-छात्राओं को मेरिट के आधार पर स्कोलरशिप प्रदान की गई। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने इन सभी विद्यार्थियों को अपनी ओर से शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के संस्थापक अवधेश मिश्रा, शिवचरण मेहरा, जोरावर दौलत सिंह, प्रो. प्रेमव्रत, रजिस्ट्रार कॉमोडर दिवाकर तोमर इत्यादि मौजूद रहे।

# जेजेपी के प्रत्येक कार्यकर्ता कमर कस कर लोकसभा चुनाव तैयारी में जुटे : दिग्विजय चौटाला




तेजयुग न्यूज

**चंडीगढ़ :** जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा है कि जेजेपी सभी वर्गों का ख्याल रखती है और गरीब, किसान, कमेरे वर्ग के हित में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इसी वजह से सभी वर्गों का साथ जेजेपी को मिल रहा है और चौ. देवीलाल की विचारधारा पर निरंतर आगे बढ़ रही जेजेपी मजबूत हो रही है। वे मंगलवार को हिसार में नलवा हलके के दौरे के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला के जन्मदिन पर 13 मार्च को हिसार लोकसभा में होने वाली नव संकल्प रैली के लिए ग्रामीणों को न्यौता दिया। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि हिसार शहर में पुराने राजकीय कॉलेज के मैदान में होने वाली यह रैली ऐतिहासिक होगी।

दिग्विजय चौटाला ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर जेजेपी के प्रत्येक कार्यकर्ता कमर कस कर चुनावी तैयारियों में जुट गए है। उन्होंने कहा कि जेजेपी ने अपने मजबूत कार्यकर्ताओं के दम पर पार्टी को नए आयाम तक पहुंचाया है। दिग्विजय ने कहा कि वर्ष 2019 में जो कोर-कसर रह गई थी, उसे 2024 में पूर्ण तौर पर हासिल करना जेजेपी के हर कार्यकर्ता के साथ-साथ हर हरियाणवी का लक्ष्य बनाना होगा।

जेजेपी प्रधान महासचिव ने कहा कि लोकतंत्र में जो जनता के लिए काम है वही आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि दुष्यंत चौटाला ने पहले देश के सबसे युवा सांसद के तौर पर और अब उपमुख्यमंत्री के रूप में जनसमस्याओं को सुलझाने के लिए बेहतरीन काम किया है। दिग्विजय ने कहा कि युवाओं के पढ़ने के लिए गांव स्तर पर ही डिजिटल लाइब्रेरी खुलवाना दुष्यंत चौटाला का ऐतिहासिक कदम है और युवा आधुनिक सोच के चलते यह सम्भव हो पाया है। ऐसे ही महिलाओं के हित में पंचायती राज संस्थाओं में 50 प्रतिशत आरक्षण और राशन डिपो में 33 प्रतिशत हिस्सेदारी भी ऐतिहासिक है।

# बैंकिंग वित्तीय कंपनी के कारण पंजाब के किफायती स्कूलों का हुआ सपना सच



तेजयुग न्यूज

**चंडीगढ़ :** उद्योग बन चुके शिक्षा क्षेत्र में आज बहुत कम स्कूल ऐसे है, जो अपनें सकारात्मक दृष्टिकोन के माध्यम से छात्रों का जीवन और भविष्य सुधारनें में जुटें है। जहां अमीरों के लिए शिक्षा के कई अवसर है, वहीं मध्यमवर्ग और निम्न मध्यमवर्ग के लिए यह स्थिती मुश्किल होती जा रही है, जबकि इनका भविष्य सुधारनें के लिए शिक्षा ही एकमात्र जरिया होता है। कोविड-19 महामारी से इन चुनौतियों में भी बढ़ोत्तरी हुई है। ऐसे स्कूलों के लिए सरकार ने कई कदम उठाएं है, फिर भी उन पर अमल काफी धीमी गती से हो रहा है, जिनके चलते स्कूलों को अन्य पर्यायों को ढूंढना पड़ता है। वर्तना एक गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) है, जो निजी किफायती स्कूलों को उनकी बुनियादी और अन्य सुविधाओं के विकास के लिए वित्तीय कर्ज देती है। उनके ग्राहक देश के सभी भागों से आते है।

स्कूल की प्रगती में वर्तना के योगदान सबंधित चर्चा करतें हुए पंजाब के लुधियाना स्थित ए एस पब्लिक स्कूल के प्रमुख कमल प्रीत सिंह ने कहा कि बुनियादी विकास करनें के लिए हमनें वर्तना से ऋण लिया। बेशक वह काफी छोटी रकम थी, पर उस समय की जरुरत को पूर्ण करने योग्य थी। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के दौरान हमे काफी आर्थिक समस्या का सामना करना पडा। वर्तना ने मोराटोरियम के माध्यम से हमें सहयोग दिया। वर्तना के प्रभाव के बारें में जानकारी देते हुए पंजाब के जालंधर स्थित न्यू एशिया पैसिफिक इंटरनैशनल केरला स्कूल के मार्टिन एमजे ने कहा कि 2018 तक हमारा स्कूल लगातार छात्रों की बढ़ती संख्या से जूझ रहा था। 500 छात्रों के साथ सबका व्यवस्थापन करना काफी मुश्किल था, पर वर्तना द्वारा दिए गए ऋण से हम हमारी नई इमारत का निर्माण 2019 तक पूर्ण कर सकें।

वर्तना का काम 15 राज्यों में जारी है। इस कार्य का लाभ 9 हजार से अधिक निजी स्कूलों और देश के करोड़ों छात्रों को हो रहा है। केवल पंजाब में ही उन्होंने 90 स्कूलों को 43 करोड रुपयों का आबंटन किया है। पंजाब के लुधियाना स्थित एस.एन.डी शिवालिक पब्लिक स्कूल के मालिक मनोज शर्मा ने बताया कि कोविड 19 के बाद स्कूल पूर्ण रुप से खुले नहीं थे, स्कूल को फिर से शुरु करने के लिए हमने वर्तना से ऋण लिया था। भारतीय अर्थव्यवस्था घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गतीशीलता से बढ़ रही है। इस से कुशल कर्मचारियों की मांग में भी बढ़ोत्तरी होगी। स्कूल, कॉलेजेस और अन्य शिक्षा संस्थान इन कुशल कर्मचारीयों की आपूर्ती में महत्त्वपूर्ण होते है।

# किसानों को प्रति एकड़ कम-से-कम 40,000 मुआवजा दे सरकार : भूपेंद्र हुड्डा

## कहा, मुआवजा देने की बजाए बीजेपी-जेजेपी ने किसानों को छोड़ा पोर्टल भरोसे

तेजयुग न्यूज




**चंडीगढ़ :** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने किसानों के लिए प्रति एकड़ कम से कम 40000 मुआवजा देने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा है कि पिछले दिनों हुई बेमौसमी बारिश और ओलावृष्टि से कई जिलों में किसानों की खड़ी फसल बर्बाद हो गई। कई जगह 100त्न तक खराबा हुआ है। ऐसे में किसानों को इस नुकसान की भरपाई के लिए तुरंत मुआवजे की जरूरत है। सरकार को जल्द गिरदावरी करवा के उन्हें आर्थिक मदद देनी चाहिए। पहले भी सरकार द्वारा घोषित राशि में से 422 करोड़ रूपया मुआवजा बकाया है। उसका भुगतान भी जल्द किया जाना चाहिए।

हुड्डा ने कहा कि हमेशा की तरह बीजेपी-जेजेपी ने किसानों को पोर्टल के भरोसे छोड़ दिया है। लेकिन हमेशा की तरह जरूरत के वक्त पोर्टल का सर्वर डाउन है और वो चल नहीं रहा। इसलिए किसान मुआवजे के लिए क्लेम तक नहीं कर पा रहे। यही वजह है कि किसानों को अपनी जायज मांग के लिए भी धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है। जरूरत के वक्त ना उनकी मदद के लिए सरकार आगे आई और ना ही बीमा कंपनियां। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सिर्फ कंपनियों की तिजोरी भरने का जरिया बन गई है।

पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे हुड्डा ने कहा कि नफे सिंह राठी के मामले में विपक्ष ने सीबीआई जांच की मांग की थी। क्योंकि कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने और अपराध पर नकेल कसने में बीजेपी-जेजेपी सरकार पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। हत्या, फिरौती, फायरिंग, लूट, डकैती और बलात्कार जैसी वारदातें आम हो गई हैं। हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनने पर प्रदेश से अपराध का सफाया किया जाएगा। जिस तरह 2005 में सरकार बनने पर कांग्रेस ने कानून व्यवस्था को प्राथमिकता दी गई थी, उसी तरह एक बार फिर बदमाशों पर नकेल कसकर प्रदेश को सुरक्षित माहौल दिया जाएगा।

हुड्डा ने कहा कि बीजेपी-जेजेपी ने हरियाणा को अपराधियों की शरणस्थल बना दिया है। क्राइम रेट ज्यादा होने के चलते निवेशक अपने हाथ खींच रहे हैं। निवेश नहीं होने के चलते रोजगार सृजन नहीं हो पा रहा और बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। यही बेरोजगारी नशे और अपराध की जननी है, जिस पर नकेल कसना प्रत्येक सरकार की जिम्मेदारी होती है। लेकिन अपनी जिम्मेदारी को निभाने में मौजूदा सरकार पूरी तरह विफल है। खुद केंद्र सरकार का सामाजिक प्रगति सूचकांक और एनसीआरबी की रिपोर्ट इस बात की गवाही देते हैं।

# पुलिस की कार्यप्रणाली बेहतर बनाने को लेकर डीजीपी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

तेजयुग न्यूज



**चंडीगढ़ :** प्रदेश को अपराध मुक्त बनाने तथा पुलिस की कार्यप्रणाली को पहले से बेहतर बनाने के उद्देश्य से पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने प्रदेश भर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ वीसी के माध्यम से बैठक की। इस बैठक में आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों से निपटने तथा अपराध का सफाया करने को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओ पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिन अधिकारियों ने अपराध नियंत्रण को लेकर अच्छा काम किया है, उन्होंने अपने विचार रखें तथा डीजीपी ने उन प्रैक्टिसिज को अन्य जिलों में लागू करने के बारे में आदेश दिए।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री कपूर ने कहा कि पुलिस अधीक्षक वर्तमान में प्रदेश में लगी हुई मैनपावर का उपयोग अपराध नियंत्रण को लेकर प्रभावी तरीके से करें। सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अपने-अपने जिलों में संगीन अपराध जैसे-डकैती, लूटपाट, छीनाझपटी, फिरौती संबंधी मामलों में पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही की स्वयं मॉनिटरिंग करें। इसके अलावा, वे ज्यादा से ज्यादा फील्ड में जाएं और अपने अधीनस्थ पुलिसकर्मियों के साथ सीधे संपर्क में रहे। उन्होंने कहा कि नाके व पीसीआर पुलिसिंग के लिए बहुत महत्वपूर्ण है अतः उनकी तैनाती पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उच्च पुलिस अधिकारी का जितना ज्यादा संपर्क अपने पुलिसकर्मियों से होगा, काम की गुणवत्ता उतनी ही ज्यादा अच्छी होगी। कपूर ने एमपैथी अर्थात् संवेदना को सबसे अधिक महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने पुलिसकर्मियों तथा आमजन के प्रति संवेदना रखें और उन्हें आ रही समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करें।

# बिजली क्षेत्र के फ्रंटलाइन वर्कर्स के लिए 'लाइनमैन दिवस' मनाया

## पावर सेक्टर में फ्रंटलाइन वर्कर्स के लिए मनोबल बढ़ाने का महत्वपूर्ण काम किया

तेजयुग न्यूज







**चंडीगढ़ :** केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए), बिजली मंत्रालय ने टाटा पावर-डीडीएल के सहयोग से 'लाइनमैन दिवस' का चौथा संस्करण मनाया। इस पहल का उद्देश्य सभी सरकारी और प्राइवेट ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों के लिए एक दिन 'लाइनमैन दिवस' के रूप में समर्पित करने और उसका जश्न मनाने की राष्ट्रव्यापी परंपरा कायम कर इंडियन पावर सेक्टर के फ्रंटलाइन नायकों - लाइनमैन का सम्मान करना है। इस प्रयास ने पावर सेक्टर में फ्रंटलाइन वर्कर्स के लिए मनोबल बढ़ाने का महत्वपूर्ण काम किया है, जिससे उन्हें उचित पहचान और सराहना मिली।

इस समारोह में हिस्सा लेने के लिए आंध्र प्रदेश, बिहार, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, जम्मू और कश्मीर, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और दिल्ली के 40 से अधिक सरकारी और प्राइवेट ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों के 150 से ज्यादा लाइनमैन और लाइनवुमेन ने राष्ट्रीय राजधानी का दौरा किया। लाइनमैन दिवस समारोह का थीम 'सेवा, सुरक्षा, स्वाभिमान' था जो पावर सेक्टर के फ्रंटलाइन नायकों के समर्पण, सेवा और बलिदान को दर्शाता है। कार्यक्रम के दौरान लाइनमैन को अपने विचारों का आदान-प्रदान करने और सेफ्टी की सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने तथा पावर इंडस्ट्री के अंतर्गत सामूहिक शिक्षा को बढ़ावा देने का भी अवसर मिला।

इस मौके पर विभिन्न सुरक्षा उपकरणों और टूल्स की विशेष प्रदर्शनी भी आयोजित की गई थी, जिससे मेहमानों को लागू की गई सर्वोत्तम प्रथाओं के बारे में अधिक जानने और साझा करने का मौका मिला। इसके अलावा कार्यक्रम में दिखाए गए वीडियो में विभिन्न ट्रांसको और डिस्कॉम्स द्वारा कार्यस्थल पर सुरक्षा सुनिश्चित करने और घटनाओं की रोकथाम के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस सहयोगात्मक प्रयास ने लाइनमैन को अपने साथियों से अंतर्दृष्टि प्राप्त करने, अपने दृष्टिकोण को व्यापक बनाने और प्रभावी सेफ्टी प्रोटोकॉल को सुदृढ़ करने में सशक्त बनाया, जिससे सभी के लिए एक सुरक्षित कार्य वातावरण को बढ़ावा मिला।

वीडियो संदेश के माध्यम से भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री राज कुमार सिंह ने कहा, ''लाइनमैन दिवस का उत्सव बिजली क्षेत्र के फ्रंटलाइन वर्कर्स के अथक प्रयासों की व्यापक सराहना और सम्मान की संस्कृति की शुरुआत है। हम उनके अमूल्य योगदान की सराहना करते हुए बहुत गर्व महसूस करते हैं जो प्रतिकूल मौसम और अप्रत्याशित संकट जैसी चुनौतियों का सामना करते हुए अपना काम करते हैं।''

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के चेयरपर्सन घनश्याम प्रसाद ने कहा, ''बिजली क्षेत्र के लाइनपर्सन हमारे देश की बिजली व्यवस्था के सबसे मजबूत स्तंभ हैं। 'लाइनमैन दिवस' का आयोजन उनके समर्पण और अथक सेवा के प्रति हमारी सराहना को रेखांकित करता है। इन फ्रंटलाइन वर्कर्स की कड़ी मेहनत को पहचानने के पीछे का उद्देश्य उन्हें सुरक्षा के बारे में शिक्षित करना और अपने अनुकरणीय प्रयासों को जारी रखने के लिए प्रेरित करना है।'' कार्यक्रम में सीईए तथा अन्य ट्रांसको तथा डिस्कॉम्स के वरिष्ठ सदस्यों ने भी शिरकत की ।